भाकृअनुप–कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान
जी.टी. रोड, रावतपुर, कानपुर – 208 002
(उत्तर प्रदेश)
An ISO 9001:2015 Certified

(O) : (0512) 2533560, 2554746
Fax : (0512) 2533560, 2554746
Website : http://atarik.res.in
E-mail : zpdicarkanpur@gmail.com

दि. 25–12–2020

आदरणीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का किसानों के खाते में स्थानान्तरण

दि. 25 दिसम्बर 2020 को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि का ट्रांसफर किया गया। इस अवसर पर माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर भी उपस्थित थे। आदरणीय प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 18 हजार करोड़ रूपये की धनराशि किसानों के खाते में स्थानान्तरित की गई। करीब 11 करोड़ 40 लाख किसान इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। 4200 करोड़ रुपये पश्चिम बंगाल को भी दिये जायेंगे। माननीय मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल सरकार से इसके लिये आग्रह किया।

8 करोड़ 2 लाख लोग इस प्रोग्राम से सीधे जुड़े हुए थे, इन सभी लोगों का आभार जताया। 18000 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खाते में ट्रांसफर किये गये। माननीय प्रधानमंत्री जी ने 6 राज्यों के विभिन्न किसानों के साथ चर्चा भी की और वे किस प्रकार की खेती करते हैं, उत्पादों के निष्पादन की क्या व्यवस्था है, इत्यादि विषयों पर जानकारी भी ली।

आज 25 दिसम्बर के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मदिवस पर यह प्रोग्राम किया जा रहा है। आज पूरा देश अटल जी को नमन कर रहा है। अटल जी ने गरीबों के हित में व किसानों के हित में अनेक अच्छे कार्य किये। किसानों को केन्द्र द्वारा पैसा पहले भी दिया जाता था परन्तु वह पूरा पैसा किसानों तक नहीं पहुँचता था। ऐसा माना जाता है कि उस समय 1 रू में केवल 10 पैसा ही किसानों तक पहुँच पाता था। परन्तु आज तकनीक के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में पूरी धनराशि पहुँच जाती है। इस योजना का लाभ अभी भी पश्चिम बंगाल की सरकार वहां के किसानों को नहीं दे पाई है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के भी समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक व किसान, भाकृअनुप–अटारी कानपुर के निदेशक डा. अतर सिंह एवं अन्य वैज्ञानिक भी सीधे कार्यक्रम से जुड़े।

Dhar-Madhya Pradesh
Arunachal Pradesh
Ministry Of Agriculture
Nuapada-Odisha
18 हज़ार करोड़ की
नई किस्त का हस्तांतरण
पीएम-किसान
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
9 करोड़ किसान परिवारों के बैंक खातों में
Prime Minister of India
Maharajganj-Uttar Pradesh
PM-KISAN